Title: Need to declare Allahabad − Jaunpur − Koshinagar road as a National Highway for promoting tourism in Jaunpur, U.P.-Laid.

श्री पारसनाथ यादव (जौनपुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश का जनपद जौनपुर पिछड़ा जनपद है, किंतु एक ऐतिहासिक जिला है। पूर्व में मुगल बादशाहों ने इसे अपनी राजधानी बनाया था। आज भी आदि गंगा-गोमती जौनपुर शहर के मध्य बहती हैं। जौनपुर का ऐतिहासिक किला गोमती नदी के तट पर स्थित है। इतना ही नहीं जौनपुर का ईदगाह एवं इमामबाड़ा अपना एक स्थान रखते हैं। साथ ही साथ चौकिया देवी का मंदिर तथा एशिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी भी जौनपुर में स्थित है। जौनपुर शहर से होकर लुम्बिनी-दुद्धी मार्ग निकलता है। तीर्थराज प्रयाग एवं गौतमबुद्ध की कर्मस्थली कोशीनगर के मध्य में पड़ती है। जौनपुर पर्यटन की दृटि से एक बड़ा रोचक स्थान बन सकता है।

अतः मैं केन्द्र सरकार एवं पर्यटन मंत्री से मांग करता हूं कि तीर्थराज प्रयाग से जौनपुर, आजमगढ़ एवं कोशीनगर देवरिया, उत्तर प्रदेश के मार्ग को राट्रीय मार्ग बनाकर जौनपुर को पर्यटक स्थल की श्रेणी में परिवर्तित किया जाये।